प्रशासन गावों के संग अभियान–2021

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, मलसीसर

पीठासीन अधिकारी : साधुराम जाट (आर.ए.एस.)

राजस्व वाद संख्या 43 / 2021

1. सत्यपाल उम्र 64 वर्ष पुत्र जीताराम जाति जाट निवासी हमीरी कला
2. विजयपाल उम्र 38 वर्ष पुत्र सत्यपाल जाति जाट निवासी हमीरी कलां

वादी

बनाम

1. चन्द्रपाल उम्र 56 वर्ष पुत्र जीताराम जाति जाट निवासी हमीरी कला
2. भरतसिंह पुत्र चन्दगीराम जाति जाट निवासी हमीरी कलां

प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र अ.धारा 136 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 बाबत दुरूस्त किये जाने वर्तमान नक्शा सीट हाल

निर्णय

निर्णय दिनांक 06.10.2021

वादी द्वारा जरिये अभिभाषक वाद पत्र प्रस्तुत कर कथन किया है कि ग्राम हमीरी कलां पटवर हल्का हमीरी कलां की सरहद स्थित भूमि ख0न0 340 / 206 रकबा 0.11 है0 आवेदक संख्या 1 व ख0न0 339 / 206 रकबा 0.22 है0 आवेदक संख्या 2 की खातेदारी काश्तकारी भूमि है। ख0न0 316 / 206 अनावेदकगण 1 ल0 2 की शामलाती खातेदारी काश्तकारी की भूमि है। परन्तु आवेदकगण की भूमि ख0न0 339 / 206 रकबा 0.22 है0 व ख0न0 340 / 206 रकबा 0.11 है0 भूमि की तरमीम नक्शे में सही नहीं है। अतः ग्राम हमीरी कलां की सरहद स्थित भूमि ख0न0 339 / 206 रकबा 0.22 है0, ख0न0 340 / 206 रकबा 0.11 है0 एवं ख0न0 316 / 206 रकबा 0.96 है0 भूमि की वर्तमान सर्वेसीट में सही तरमीम करवाकर नक्शा सर्वेसीट को दुरूस्त किये जाने के आदेश फरमाया जावे।

प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 के तहत दिनांक 6.10.2021 को ग्राम पंचायत हमीरी कलां में आयोजित कैम्प में प्रतिवादिया संख्या 1 व 2 ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र चाही गई सिद्वि अनुसार वर्तमान सर्वेसीट में सही तरमीम करवायई जाकर नक्शासर्वेसीट को दुरूस्त किये जाने में अपनी सहमती प्रकट की ओर ऑर्डर सीट में सहमती बाबत हस्ताक्षर किये। पटवारी हल्का हमीरी कलां ने अपनी रिपोर्ट में अंकित किया है कि मुताबिक नक्शासीट में तरमीम के क्षेत्रफल की जांच

फीता परकार की सहायता से रकबा बरारी करने पर ख0न0 339/206 का रकबा 0.13 है0, ख0न0 340/206 का रकबा 0.09 है0 एवं ख0न0 316/206 का रकबा 1.07 है0 पाया गया। जबकि राजस्व रिकार्ड में जमाबंदी में उपरोक्त ख0न0 316/206 का रकबा 0.96 है0, 339/206 का रकबा 0.22 है0 एवं ख0न0 340/206 का रकबा 0.11 है0 दर्ज रिकार्ड है। अतः मुताबिक राजस्व रिकार्ड जमांबदी में दर्ज रकबे अनुसार इन खसरा नम्बरान की तरमीम को शुद्व कर नक्शे में दुरूस्त किया जाना उचित है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। वादी एवं प्रतिवादीगण की आपसी सहमती एवं पटवारी हल्का हमीरी कलां से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर न्यायहीत को ध्यान में रखते हुये ग्राम हमीरी कलां स्थित भूमि ख0न0 339/206, 340/206 एवं 316/206 का राजस्व रिकार्ड में अंकित रकबा अनुसार राजस्व नक्शा सर्वेसीट में दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है।

निर्णय

अतः ग्राम हमीरी कलां स्थित भूमि ख0न0 339/206 रकबा 0.22 है0, ख0न0 340/206 रकबा 0.11 है0 एवं ख0न0 316/206 रकबा 0.96 है0 का राजस्व रिकार्ड जमाबंदी में दर्ज रकबा अनुसार इन खसरा नम्बरान की तरमीम वर्तमान नक्शा सीट में दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। फैसला प्रशासन गावों के संग अभियान–2021 के तहत ग्राम पंचायत हमीरी कलां में आयोजित कैम्प में मजमे आम में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील जाप्ता दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मलसीसर

(साधुराम जाट)
प्रभारी अधिकारी, मलसीसर
प्रशासन गांवों के संग अभियान -2021